हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय जनता पार्टी ने कल दिल्ली में आयोजित अपनी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए 50 से अधिक उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया है।बी.जे.पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के हरियाणा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, कल देर शाम तय किए गए नामों की घोषणा अगले 48 घंटों के भीतर कर दी जाएगी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह और बी.जे.पी के अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ अलग- से बैठक की, जिसमें पार्टी नेताओं ने विधानसभा चुनावों में संभावित चुनावी गठबंधनों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उन सीटों पर भी चर्चा हुई, जहां से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और राज्य के अन्य मंत्रियों सहित पार्टी के प्रमुख नेता चुनाव लड़ेंगे।बैठक में हरियाणा से बी.जे.पी के चुनाव सह-प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, सतीश पुनिया, सुरेंद्र सिंह नागर, केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री और हरियाणा से सांसद राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर भी उपस्थित रहे।

शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) ने हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। पार्टी के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने कल करनाल पहुंचकर अपने पांच उम्मीदवारों को मैदान में उतारते हुए पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसमें पार्टी पूरी मेहनत और ईमानदारी से भाग लेते हुए अपने उम्मीदवार उतार रही है। पार्टी द्वारा जारी पहली सूची में विधानसभा क्षेत्र असंध से हरजीत सिंह विर्क, करनाल से हरदीप सिंह, पिहोवा से कुलदीप सिंह विर्क, गुहला से भूपिंदर सिंह और उचाना से अमरजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। श्री सिमरनजीत सिंह मान ने करनाल में एक पत्रकारवार्ता के दौरान कई विवादित बयान भी दिए। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा से शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के प्रदेशाध्यक्ष हरजीत सिंह विर्क और घोषित प्रत्याशियों सहित कई समर्थक भी मौजूद रहे।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदान केंद्रों पर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए बैठने और व्हील चेयर की व्यवस्था करने को कहा है।उन्होंने कहा कि दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता के पास घर से मतदान करने का विकल्प है। इसके लिए मतदाता को फार्म 12-डी भरकर विभाग को देना होगा।उन्हें कोई अतिरिक्त प्रमाण पत्र कीआवश्यकता नहीं है। इसके लिए मतदान तिथि से पहले विभाग के अधिकारी उनसे विकल्प लेने के लिए उनके घर जायेंगे।श्री अग्रवाल ने कहा कि यदि वे मतदान केंद्र पर आकर वोट डालना चाहते है तो उनके लिए घर से लाने व छोड़ने के लिए वाहन की व्यवस्था रिटर्निंग

अधिकारी द्वारा की जाएगी । मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 40 प्रतिशत निर्दिष्ट दिव्यांगता वाले व्यक्ति, पोस्टल बैलेट सुविधा के लिए आवेदन कर सकते हैं।उन्हें फॉर्म 12 डी में आवेदन जमा करते समय दिव्यांगता प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।

फरीदाबाद के उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी विक्रम यादव ने चुनाव आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की बढ़ती शिकायतों को लेकर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में मीडिया में आई खबरों के बाद श्री यादव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं और उन्हें हर हाल में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कहा कि कई जगह पर ऐसे फ्लेक्स बोर्ड और पोस्टर लगे हैं, जिन पर प्रिंटर का नाम और फ्लेक्स की संख्या अंकित नहीं है। यह, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसलिए, उन्होंने प्रिंटिंग की दुकानों पर छापेमारी करने के आदेश भी जारी किए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन, कितनी संख्या में फ्लेक्स बोर्ड बनवा रहा है। श्री यादव ने स्पष्ट किया कि सभी प्रिंटिंग प्रेस मालिकों के लिए अपने प्रिंट किए गए हर फ्लेक्स बोर्ड पर प्रिंटर का नाम और उसकी संख्या लिखना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं को आगाह करते हुए कहा कि यदि कोई बार-बार इसका उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकद्दमा भी दर्ज कराया जाएगा।

पेरिस पैरालिंपिक्स में मिश्रित तीरंदाज़ी स्पर्धा में भारत की शीतल देवी और राकेश कुमार की जोड़ी ने 1399 अंक के साथ पैरालिंपिक में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। यह जोड़ी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में दो सितम्बर को क्वार्टर फाइनल में खेलेगी।पेरिस पैरालिंपिक के दूसरे दिन आज विभिन्न स्पर्धाओं में भारतीय एथलीट अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। तोक्यो ओलंपिक में दोहरी पदक विजेता अवनी लेखरा महिलाओं की आर-2 दस मीटर एयर राइफल एस.एच -1 क्वालीफाइंग और फाइनल स्पर्धा में निशाना साधेंगी। मोना अग्रवाल भी इसी स्पर्धा में भाग लेंगी।तोक्यो पैरालिंपिक्स के रजत पदक विजेता सुहास यथीराज दूसरे ग्रुप चरण का मैच खेलेंगे। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं आज तीन भारतीय पैरा एथलीटों की पदक प्रतिस्पर्धा से शुरू हो रही हैं।